**प्रेस नोटः- जनपद बिजनौर　　　　　दिनांकः- 23.02.2024**

**"ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में थाना अफजलगढ क्षेत्रान्तर्गत ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों से अभद्रता व मारपीट कर रायफल छीनने वाले दो अभियुक्तों को बिजनौर पुलिस द्वारा की गयी सघन पैरवी से माननीय न्यायालय द्वारा 10-10 वर्ष के कठोर कारावास व कुल 1,20,000/- रूपये के अर्थदण्ड से किया दण्डित।**

**कार्यवाहीः–**

दिनांक 29.12.2021 को थाना अफजलगढ पर दो अज्ञात अभियुक्तों द्वारा रात्रि पिकेट भूतपुरी तिराहे पर डयूटीरत पुलिसकर्मियों से अभद्रता करते हुये आरक्षी से सरकारी इंसास रायफल छीनकर ले गये थे। इस संबंध में थाना अफजलगढ पर मु0अ0सं0 398/21 धारा 394/307/333/353 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

उपरोक्त घटना की गंभीरता के दृष्टिगत वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमें गठित की गयी तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसी क्रम में 1- रहमान पुत्र जीशान निवासी मौ0 अल्ली खां थाना काशीपुर जनपद उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड 2- हैदर पुत्र सरताज निवासी नई बस्ती विजयनगर थाना काशीपुर जनपद उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड का नाम प्रकाश में आया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त रहमान पुत्र जिशान उपरोक्त को छीनी गई इंसास रायफल सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना अफजलगढ पर मु0अ0सं0 399/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त हैदर पुत्र सरताज निवासी विजयनगर नईबस्ती कस्बा व थाना काशीपुर उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से इंसास रायफल की मैंग्जीन बरामद की गयी। इस संबंध में थाना अफजलगढ पर मु0अ0सं0 400/21 धारा 307 भादवि व मु0अ0सं0 401/21 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

इस अभियोग में स्थानीय पुलिस एवं मॉनिटरिंग सैल द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी की गयी एवं अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई, जिसके परिणामस्वरुप

आज दिनांक 23.02.2024 को मा0 न्यायालय एडीजे-नगीना द्वारा मु0अ0सं0 398/21, मु0अ0सं0 399/21, मु0अ0सं0 400/21 व मु0अ0सं0 401/21 से संबंधित अभियुक्तगण 1- रहमान 2- हैदर उपरोक्त को **10-10 वर्ष के कठोर कारावास** से दंडित किया गया तथा रहमान उपरोक्त को 55000/- रुपये के अर्थदण्ड व हैदर उपरोक्त को 65000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। **दोनो अभियुक्तों पर कुल 1,20,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।**

उक्त अभियोग श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन कन्विक्शन"** के अन्तर्गत मा0 न्यायालय में सशक्त एवं प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को अधिकाधिक सजा दिलाये जाने हेतु चिन्हित अभियोगों में सम्मिलित था।

**दोषसिद्ध अभियुक्त का नाम पताः-**

1- रहमान पुत्र जीशान निवासी मौ0 अली खां थाना काशीपुर जनपद उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड
2- हैदर पुत्र सरताज निवासी नई बस्ती विजयनगर थाना काशीपुर जनपद उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड

# बिजनौर में सिपाही को पीटकर इंसास लूटी

**जासं, बिजनौर :** अफजलगढ़ क्षेत्र में नेशनल हाईवे स्थित भूतपुरी तिराहे पर मंगलवार रात बाइक सवार दो बदमाशों ने सिपाही की पिटाई की और इंसास लूटकर ले गए। इस दौरान बदमाश सिपाही को तमंचे और इंसास के बट से पीटते रहे। वारदात का वीडियो वायरल हो गया। घायल सिपाही को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिपाही की तहरीर पर लूट और जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया गया है।

अफजलगढ़ थाने में तैनात सिपाही ललित कुमार और होमगार्ड भीम सिंह की मंगलवार रात भूतपुरी तिराहा पिकेट पर ड्यूटी थी। रात करीब एक बजे मैली से भरा डंपर का डाला तिराहे पर खुल गया। इससे मैली सड़क पर फैल गई और वाहन चालकों को परेशानी होने लगी। सिपाही और होमगार्ड मौके पर पहुंच गए। सिपाही

- **सिपाही और होमगार्ड थे ड्यूटी पर, सिपाही अस्पताल में भर्ती**
- **पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर इंसास बरामद की**

"एक बदमाश को गिरफ्तार कर इंसास बरामद कर ली गई है। दूसरे बदमाश को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस पर हमला करने वाले बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**डा. प्रवीन रंजन**, एसपी सिटी

के पास इंसास और होमगार्ड के पास राइफल थी। पुलिसकर्मियों ने मैली हटवाने के लिए बुलडोजर मंगवा लिया। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे और मैली देखकर डंपर चालक और क्लीनर से गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। सिपाही ललित ने उन्हें धमकाया तो बाइक सवार बदमाश सिपाही और होमगार्ड से भिड़ गए और तमंचे निकाल लिए। सिपाही से हथापाई करते हुए सिर में तमंचे की बट मार दी और सिपाही से इंसास लूट ली। एसपी देहात रामअर्ज भी कई सीओ के साथ पहुंच गए। सिपाही ललित को काशीपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुलडोजर चालक ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। बदमाश यूके-06ए-6602 नंबर की बाइक पर सवार थे। वारदात के 15 घंटे बाद बिजनौर और काशीपुर पुलिस ने एक बदमाश रहमान पुत्र जीशान निवासी मोहल्ला अली खां, कस्बा काशीपुर ऊधमसिंहनगर को अफजलगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लूटी गई इंसास बरामद कर ली। काशीपुर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी बदमाश हैदर फरार है।

संबंधित खबरें » पेज 5

---

लूट की रिपोर्ट दर्ज कराने से बचता रहा सेल्समैन, पुलिस ने लूट में प्रयुक्त बाइक भी की बरामद, मैग्जीन संग दूसरा बदमाश फरार

# वारदातः पुलिसकर्मियों से भिड़ने से पहले सेल्समैन से की थी लूट!

**राइफल लूट प्रकरण**

अफजलगढ़/बिजनौर | हिटी

बाइक सवार बदमाशों ने पुलिसकर्मी से राइफल लूटने से पहले एक सेल्समैन को निशाना बनाते हुये 30 हजार रूपये लूटे थे। सीसीटीवी कैमरे में भी घटना रिकार्ड हुई है। हालांकि मामले में सेल्समैन ने कोई रिपोर्ट दर्ज नही कराई है व पुलिस कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। वहीं देर शाम पुलिस ने एक बदमाश को राइफल के साथ काशीपुर से दबोच लिया।

अफजलगढ़ में बाइक सवार बदमाशों ने मंगलवार की रात जमकर आतंक काटा है। पुलिसकर्मी से मारपीट व राईफल लूटने से पहले उन्होने अफजलगढ़ शुगर मिल के पास एक सेल्समैन से भी लूट की है। बाइक सवार बदमाश सेल्समैन से करीब 30 हजार रुपये लूटकर फरार हो गये थे। सूत्रों के मुताबिक जब कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने घटना के बाद नेशनल हाईवे स्थित प्रतिष्ठानों के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी, तो उसमे एक सेल्समैन से लूट की घटना भी सामने आई। जब पुलिस ने पुछताछ की, तो घटना सहीं निकली। लेकिन सेल्समैन ने मामले में तहरीर देने से मना कर दिया। पुलिस अधिकारी भी सेल्समैन से लूट के बारे में कुछ भी बोलने को तैयार नही है।

**सेल्समैन देता सूचना तो सिपाही से नहीं छिनती राइफलः** पुलिस का मानना है कि सेल्समैन अपने साथ हुई घटना की जानकारी देता, तो हो सकता था कि सिपाही से राईफल भी नहीं छिनती। समय रहते पुलिस मौके पर पहुंचकर बदमाशों को पकड़ सकती थी।



अफजलगढ़ में घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ करते पुलिस अधिकारी। • हिन्दुस्तान

## लूटी राइफल के साथ एक बदमाश काशीपुर से दबोचा

बिजनौर पुलिस ने उत्तराखंड कांशीपुर की मदद से बीस घंटे बाद सिपाही से राइफल लूटने वाले एक बदमाश को दबोच लिया है। पुलिस ने उसके पास से लूटी हुई राइफल व घटना में प्रयुक्त बाइक को भी बरामद कर लिया है। जबकि बदमाश को दूसरा साथ राइफल की मैग्जीन कारतूस समेत लेकर फरार है। अफजलगढ़ के भूतपुरी चौराहे पर मंगलवार की रात बाइक सवार दो बदमाशों ने एक सिपाही के सिर में तमंचे की बट से हमला कर उसकी राइफल लूट के बाद बदमाश कांशीपुर उत्तराखंड की ओर फरार हो गये थे। प्रभारी एसपी डा. प्रवीन रंजन ने उनकी गिरफ्तारी को चार टीमों को लगाया था।

जिसमे से एक टीम को कामयाबी मिल गई है। बिजनौर पुलिस ने उत्तराखंड पुलिस की मद्द से कांशीपुर के मोहल्ला अलीखां निवासी रहमान पुत्र जीशान को उसके घर से दबोच लिया है। पुलिस ने उसके पास से लूटी हुई राइफल व घटना में प्रयुक्त बाइक भी बराम्द की है, जबकि उसका साथी हैदर पुत्र सरताज राइफल की मैग्जीन बीस कारतूस के साथ लेकर अभी भी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस लगी हुई है। प्रभारी एसपी डा. प्रवीन रंजन ने बताया कि दोनों बदमाश अपराधी प्रवृत्ति के है। दोनों पर उत्तराखंड के कई थानों में लूट-चोरी के मामले दर्ज है।



उपचाराधीन घायल सिपाही।

### 2019 बैच का आरक्षी है ललित

ललित कुमार वर्ष 2019 में पुलिस महकमे में भर्ती हुआ है। वह मूलरूप से जनपद सहारनपुर के देवबंद का निवासी है। मई 2021 में ही उसको पहली तैनाती अफजलगढ़ थाने पर मिली थी। प्रतिक्षार निरीक्षक शिव बालक वर्मा ने बताया कि ललित प्रशिक्षु आरक्षी (परीवीक्षा आरक्षी) के तौर पर तैनात था।

### गोताखोरों ने रामगंगा में की थी राइफल की तलाश

घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने राइफल को ढूंढने के लिए गोताखोरों की मद्द ली। बुधवार को दिनभर गोताखोर रामगंगा नदी में राईफल की तलाश करते रहे। पुलिस अधिकारियों को मानना है कि बदमाश राईफल गंगा नदी में भी फेंक सकते हैं।



अफजलगढ़ में सिपाही क साथ मारपीट करते बदमाश। • हिन्दुस्तान

### होमगार्ड नहीं कर पाया मुकाबला

जब घटना हुई तो पुलिसकर्मी ने काफी देरतक बदमाशों से संघर्ष किया, लेकिन होमगार्ड बदमाशों को मुकाबला नहीं कर पाया। अगर होमगार्ड सही से मुकाबला करता तो बदमाश राइफल नहीं छीन पाते।

### ललित के सिर में आए 20 टांके

प्रभारी निरीक्षक अफजलगढ़ मनोज कुमार ने बताया कि ललित को उत्तराखंड के कांशीपुर में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसको सिर में काफी चोट है। ललित के सिर में करीब बीस टांके आए हैं।

"भूतपुरी तिराहे पर रात एक बजे युवकों का ट्रक चालक-परिचालक में विवाद चल रहा था। जब पुलिसकर्मियों ने हस्ताक्षेप किया, तो बाइक सवार बदमाशों ने सिर पर वार करते हुये सिपाही से राइफल छीन ली है। चार टीमों को गठन किया गया है। शीघ्र ही बदमाशों को पकड़कर राइफल बरमाद की जायेगी। -डॉ. प्रवीन रंजन सिंह, प्रभारी एसपी बिजनौर

## पहले भी लुटे हैं पुलिस के हथियार

**बिजनौर।** जनपद में इससे पहले भी कई बार पुलिसकर्मियों से उनके हथियान छीने जा चुके है। कोतवाली नगर में वर्ष 2004 में गश्त के दौरान सिपाही तथा मंडावर थाना क्षेत्र में वर्ष 2017 में दरोगा की हत्या के बाद उसकी पिस्टल नहीं मिली थी। जिसका अभी तक खुलासा भी नहीं हुआ है।

बिजनौर जनपद में इससे पहले भी दो बार पुलिसकर्मियों से उनके हथियार छीने जा चुके है। कोतवाली नगर क्षेत्र में वर्ष 2004 में विदुर कुटी मार्ग पर एक सिपाही व होमगार्ड गश्त कर रहे थे।

इसी दौरान डॉ. गौड़ की कोठी के पास गली में बदमाशों के होने की सूचना पर सिपाही व होमगार्ड पहुंचे। तो बदमाश ने दोनों पर हमला बोल दिया। बदमाश ने सिपाही के पेट में चाकु से वार कर दिया और उसका अस्लाह छीनकर फरार हो गया था।

पुलिस ने बदमाश को उत्तराखंड के हरिद्वार से पकड़ा था, जबकि अस्लाह को करीब डेढ़ साल बाद बरामद किया था। वही 30 जून 2017 में मंडावर के खादर क्षेत्र में दरोगा सहजोर की हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद दरोगा की नौ एमएम की सरकारी पिस्टल गायब थी।

पुलिस आजतक न तो सहजोर हत्याकांड का खुलासा कर पाई और नही उसकी गायब पिस्टल बरामद हुई है। सहजोर हत्याकांड काफी चर्चित रहा है।

**प्रेस नोटः- जनपद बिजनौर** **दिनांकः- 23.02.2024**

**"ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शहर पुलिस एवं अभियोजन विभाग द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से माननीय न्यायालय द्वारा पीडिता से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 16,000/- रूपये के अर्थदण्ड से किया दण्डित।**

**कार्यवाहीः–**

दिनांक 08.06.2023 को वादिनी/पीडिता द्वारा थाना कोतवाली शहर पर तहरीर देकर अभियुक्त मनोज पुत्र धनीराम उर्फ धन्नू निवासी ग्राम बाकपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर के विरुद्ध वादिनी को बहलाफुसलाकर ले जाने तथा गलत काम करने के संबंध में थाना कोतवाली शहर पर मु0अ0सं0 540/23 धारा 363/376/506 भादवि व 04 पॉक्सो अधिनियम पंजीकृत कराया गया। विवेचना उपरांत पुलिस द्वारा आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया।

इस अभियोग में स्थानीय पुलिस एवं मॉनिटरिंग सैल द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी की गयी एवं अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई, जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 23.02.2024 को मा0 न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट द्वारा मु0अ0सं0 540/23 धारा 363/376/506 भादवि व 04 पॉक्सो अधिनियम के अभियुक्त मनोज पुत्र धनीराम उर्फ धन्नू निवासी ग्राम बाकपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर 10 वर्ष के कठोर कारावास व 16,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

उक्त अभियोग श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन कन्विक्शन"** के अन्तर्गत मा0 न्यायालय में सशक्त एवं प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को अधिकाधिक सजा दिलाये जाने हेतु चिन्हित अभियोगों में सम्मिलित था।

**दोषसिद्ध अभियुक्त का नाम पताः-**

1- मनोज पुत्र धनीराम उर्फ धन्नू निवासी ग्राम बाकपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर।

**घटना के संबंध में तत्समय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें।**

## दिव्यांग किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस ने दबोचा

**बिजनौर।** दिव्यांग किशोरी के संग दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। जिसका चालान कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे जेल भेज दिया। शहर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव बांकपुर में रहने वाले आरोपी मनोज को गिरफ्तार कर लिया।

जिसके पास से वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गई है। आरोपी मनोज करीब छह दिन पहले बिजनौर शहर में घूम रही एक दिव्यांग किशोरी को अपने साथ ले गया था। बताया गया कि किशोरी भीख मांगती है, जिसे वह उसके घर में काम करने का झांसा देकर अपने गांव ले गया। जहां उसने चार पांच दिनों तक किशोरी को अपने संग रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी किशोरी को बिजनौर में रेलवे फाटक के पास छोड़कर फरार हो गया।

पीड़िता ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी भी खंगाले। जिसमें आरोपी किशोरी को बाइक पर ले जाता हुआ भी दिखाई दिया। शहर कोतवाल जीत सिंह ने बताया कि किशोरी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। संवाद

## दिव्यांग किशोरी से छेड़छाड़ करने का आरोपित गिरफ्तार

**बिजनौर :** शहर कोतवाली पुलिस ने दिव्यांग किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार किया। आरोप है कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव बांकपुर निवासी मनोज छह दिन पहले बिजनौर शहर में घूम रही एक दिव्यांग किशोरी को अपने साथ ले गया था। बताया गया कि किशोरी भीख मांगने का काम करती है, जिसे वह उसके घर में काम करने का झांसा देकर अपने गांव ले गया। वहां उसने चार-पांच दिनों तक किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपित किशोरी को बिजनौर में रेलवे फाटक के पास छोड़कर फरार हो गया। आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी भी खंगाले, जिसमें आरोपित किशोरी को बाइक पर ले जाता हुआ भी दिखाई दिया। शहर कोतवाल जीत सिंह ने बताया कि किशोरी से दुष्कर्म करने वाले आरोपित को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया।

## दिव्यांग किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बिजनौर। भीख मांगकर गुजर बसर करने वाली दिव्यांग किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने अधेड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी पीड़िता को बिजनौर छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव बांकपुर निवासी एक व्यक्ति हमदर्दी दिखाकर बस स्टैंड पर भीख मांगकर गुजर बसर करने दिव्यांग किशोरी को बहला फुसलाकर अपने घर ले गया।

**प्रेस नोट – जनपद बिजनौर** **दिनांक – 23.02.2024**

**"ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में थाना चांदपुर पुलिस एवं अभियोजन विभाग द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से माननीय न्यायालय द्वारा हत्या कारित करने वाले अभियुक्त को आजीवन कारावास व 10,000/- रूपये के अर्थदण्ड से किया दण्डित।**

**कार्यवाहीः–**

दिनांक 19.05.2017 को वादी श्री ईफ्तखार अहमद पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी मौ0 शाहचन्दन कस्बा व थाना चांदपुर जनपद बिजनौर द्वारा थाना चांदपुर पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्त अकरम पुत्र नसरु निवासी बक्सर थाना सिम्भावली जनपद हापुड ने अपनी पत्नी / वादी की तहेरी बहन की हत्या कर दी। तहरीर के आधार पर थाना चांदपुर पर मु0अ0सं0 400/2017 धारा 302 भादवि बनाम अकरम पंजीकृत किया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा संम्पूर्ण विधिक कार्यवाही के उपरोक्त आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया।

इस अभियोग में स्थानीय पुलिस एवं मॉनिटरिंग सैल द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी की गयी एवं अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई, जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 23.02.2024 को मा0 न्यायालय मा0 न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट सं0 -III, जनपद बिजनौर द्वारा मु0अ0सं0 400/2017 धारा 302 भादवि के आरोपी अभियुक्त अकरम पुत्र नसरु निवासी बक्सर थाना सिम्भावली जनपद हापुड को आजीवन कारावास व 10,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

उक्त अभियोग श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन कन्विक्शन"** के अन्तर्गत मा0 न्यायालय में सशक्त एवं प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को अधिकाधिक सजा दिलाये जाने हेतु चिन्हित अभियोगों में सम्मिलित था।

**दोषसिद्ध अभियुक्त का नाम पता –**

अकरम पुत्र नसरु निवासी बक्सर थाना सिम्भावली जनपद हापुड

**प्रेस नोट – जनपद बिजनौर दिनांक – 23.02.2024**

# जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत किया गया दंगा नियन्त्रण का अभ्यास।

पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुदृढ़ रखने व आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 व त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने तथा आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के दृष्टिगत जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने – अपने थाने पर दंगा नियन्त्रण उपकरणों की समीक्षा की गयी तथा उनकी साफ-सफाई कर **"दंगा नियंत्रण ड्रिल"** के प्रशिक्षण एवं अभ्यास का आयोजन किया गया।

ड्रिल के दौरान पुलिसकर्मियों को विभिन्न शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया, तदोपरान्त फोर्स को ब्रीफ करते हुए बताया कि सदैव मानसिक एवं शारीरिक रूप से तत्पर रहें एवं दंगा नियत्रण के समस्त उपकरण सक्रिय दशा में सदैव अपने साथ रखे जिससे कि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटा जा सके। भीड़ के आकस्मिक एकत्रित होने अथवा किसी घटना विशेष के होने से उत्पन्न हुए रोष से लोगों के अवैधानिक रूप से एकत्रित होने तथा बलवा करने से उत्पन्न हुई स्थिति को नियन्त्रित करने तथा बलवाईयों को तितर-बितर करने के लिए एन्टी रायट ड्रिल का फोर्स द्वारा प्रयोग किया जाता है, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति बनी रहे। सभी पुलिसकर्मी ड्यूटी में दंगा निरोधी उपकरणों से लैस होकर रहेगें ताकि यदि कोई असामाजिक तत्व सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करता है तो पुलिस की तैयारी के मद्देनजर उसका प्रयास विफल हो और स्थिति सामान्य रहे।







**थाना किरतपुर**







**थाना मंडावर**





थाना मंडावली






थाना शिवाला कलां






**थाना नगीना देहात**




**थाना धामपुर**





## थाना हीमपुर दीपा







## थाना नजीबाबाद







## थाना नूरपुर







## थाना चांदपुर







**थाना शेरकोट**






**थाना नहटौर**





थाना रेहड





थाना स्योहारा





Dथाना अफजलगढ





थाना नागंल






थाना नगीना







थाना बढापुर






थाना हल्दौर






थाना कोतवाली देहात


कोतवाली शहर
बिजनौर (उ.प्र.)
RR KĀBEL
WIRES & CABLES


POLICE


बिजनौर (उ.प्र.)
POLICE


बिजनौर (उ.प्र.)
POLICE

**थाना कोतवाली शहर**

**प्रेस नोट – जनपद बिजनौर** **दिनांक – 23.02.2024**

# जनपदीय पुलिस द्वारा 17 वारंटी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चल रहे अभियान के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा 17 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनका विवरण निम्नवत हैः-

| क्र0सं0 | नाम थाना | गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तगण का नाम व पता |
|---|---|---|
| 1. | मंडावर | अदनान पुत्र स्व0 रजब अली निवासी मौ0 कस्साबान कस्बा व थाना मंडावर बिजनौर |
| 2. | मंडावर | जीशान पुत्र स्व0 रजब अली निवासी मौ0 कस्साबान कस्बा व थाना मंडावर बिजनौर |
| 3. | मंडावर | सूरज पुत्र रामसरन निवासी ग्राम अंगाखेडी थाना मंडावर बिजनौर |
| 4. | नजीबाबाद | नजीर पुत्र अ0 मजीद नि0 कस्बा साहनपुर थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर |
| 5. | मंडावली | एहसान पुत्र इदरीश निवासी ग्रा0 जटपुरा बौण्डा थाना मण्डावली जनपद बिजनौर |
| 6. | नगीना | बाहरे आलम पुत्र मौ0 हनीफ नि0 मौ0 चौधराना थाना नगीना जनपद बिजनौर |
| 7. | नहटौर | गौरव सिंह पुत्र कुलवीर सिंह नि0 ग्राम नारायणपुर उर्फ रुस्तमपुर थाना नहटौर बिजनौर |
| 8. | नहटौर | विरेन्द्र कुमार पुत्र मथुरा सिंह नि0 ग्राम ताहरपुर असकरन थाना नहटौर जनपद बिजनौर |
| 9. | अफजलगढ | धीरेन्द्र सिंह पुत्र इन्दर सिंह निवासी ग्राम रसूलाबाद थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर |
| 10. | शेरकोट | फरमान पुत्र नईम निवासी मौ0 खुराडा थाना शेरकोट जनपद बिजनौर |
| 11. | शेरकोट | कसीम पुत्र नईम अहमद निवासी मौ0 खुराडा थाना शेरकोट जनपद बिजनौर |
| 12. | शेरकोट | वीरेन्द्र पुत्र रामस्वरुप नि0 ग्राम मुनव्वरपुर सैद उर्फ महमदाबाद थाना शेरकोट बिजनौर |
| 13. | नांगल | दीपक पुत्र ओमी निवासी ग्राम जीतपुर खास थाना नांगल जनपद बिजनौर |
| 14. | नांगल | सन्दीप पुत्र ओमी निवासी ग्राम जीतपुर खास थाना नांगल जनपद बिजनौर |
| 15. | नांगल | जयपाल पुत्र मुरली निवासी ग्राम जीतपुर खास थाना नांगल जनपद बिजनौर |
| 16. | नगीना देहात | नईम पुत्र बुन्दु निवासी ग्राम रायपुर सादात थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर |
| 17. | नगीना देहात | आमना पत्नी बुन्दु निवासी ग्राम रायपुर सादात थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर |





थाना मंडावर



थाना नजीबाबाद




थाना मंडावली



थाना नगीना



थाना नगीना देहात



**थाना नहटौर**



**थाना अफजलगढ**



**थाना शेरकोट**



**थाना नांगल**

**जनपद बिजनौर**

**प्रेस नोटः- थाना नहटौर** **दिनाँक 23.02.2024**

**थाना नहटौर पुलिस ने अवैध सट्टा लगा रहे 04 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।**

**कार्यवाही :-**




जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध रूप से जुआ/सट्टा आदि में संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना नहटौर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से सट्टा लगा रहे अभियुक्तगण 1.आसिफ पुत्र इदरीश, 2.वकील पुत्र रसीद, 3.खलील अहमद पुत्र रशीद अहमद व 4.मौ0 दानिश उर्फ शानू पुत्र मौ0 याकूब समस्त निवासीगण मौहल्ला नौंधा कस्बा व थाना नहटौर जनपद बिजनौर को 52 ताश के पत्ते, एक अखबार का टुकडा व 1280 रूपये की नगदी सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना नहटौर पर मु0अ0सं0 60/2024 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया। विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता :–**

1.आसिफ पुत्र इदरीश निवासी मौहल्ला नौंधा कस्बा व थाना नहटौर जनपद बिजनौर।
2.वकील पुत्र रसीद निवासी मौहल्ला नौंधा कस्बा व थाना नहटौर जनपद बिजनौर।
3.खलील अहमद पुत्र रशीद अहमद निवासी मौहल्ला नौंधा कस्बा व थाना नहटौर जनपद बिजनौर।
4.मौ0 दानिश उर्फ शानू पुत्र मौ0 याकूब निवासी मौहल्ला नौंधा कस्बा व थाना नहटौर जनपद बिजनौर।

**बरामदगी विवरणः-**

52 ताश के पत्ते, एक अखबार का टुकडा व 1280 रूपये की नगदी।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-**

1.हे0का0 797 सचिन मलिक थाना नहटौर जनपद बिजनौर।
2.हे0का0 584 संदीप कुमार थाना नहटौर जनपद बिजनौर।
3.हे0का0 609 आर्यन कुमार थाना नहटौर जनपद बिजनौर।
4.का0 695 नवीन कुमार थाना नहटौर जनपद बिजनौर।

## जनपद बिजनौर

**प्रेस नोटः- थाना नहटौर** **दिनाँक 23.02.2024**

**थाना नहटौर पुलिस ने मु0अ0सं0 61/2024 धारा 307/504/506 भादवि में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

**संक्षिप्त विवरणः-**



दिनांक 23.02.2024 को वादी ने थाना नहटौर पर तहीरर दी कि अभियुक्त सचिन पुत्र बलबीर निवासी ग्राम फरीदपुर थाना नहटौर जनपद बिजनौर द्वारा वादी पर पेंचकस से वार किया गया। तहरीर के आधार पर थाना नहटौर पर मु0अ0सं0 61/2024 धारा 307/504/506 भादवि पंजीकृत किया गया।

**कार्यवाही :-**

जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना नहटौर पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त सचिन पुत्र बलबीर निवासी ग्राम फरीदपुर थाना नहटौर जनपद बिजनौर को घटना में प्रयुक्त पेंचकस सहित गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता :–**

सचिन पुत्र बलबीर निवासी ग्राम फरीदपुर थाना नहटौर जनपद बिजनौर।

**बरामदगी विवरणः-**

घटना में प्रयुक्त पेंचकस।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-**

1.उ0नि0 श्री सुरेन्द्र सिंह थाना नहटौर जनपद बिजनौर।

2.हे0का0 797 सचिन मलिक थाना नहटौर जनपद बिजनौर।

**जनपद बिजनौर**

**प्रेस नोट – थाना शेरकोट** **दिनांक – 23.02.2024**

**थाना शेरकोट पुलिस ने मु0अ0सं0 38/2024 धारा 323/341/324/307 भादवि मे वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

**संक्षिप्त विवरण –**



दिनांक 20.02.2024 को वादी श्री शीशराम सिंह पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम हाफिजाबाद थाना शेरकोट जनपद बिजनौर ने थाना शेरकोट पर तहरीर दी कि उसके गांव के रहने वाले बिट्टू कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिह ने वादी के पुत्र रोहित को रास्ते में रोककर रोहित के साथ मारपीट की तथा धारधार हथियार से वार कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया । तहरीर के आधार पर थाना शेरकोट पर मु0अ0सं0 38/2024 धारा 323/341/324/307 भादवि बनाम बिट्टू कुमार उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

**कार्यवाही –**

जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 23.02.2024 को थाना शेरकोट पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 38/2024 धारा 323/341/324/307 भादवि में वांछित अभियुक्त बिट्टू कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हाफिजाबाद थाना शेरकोट जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

बिट्टू कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हाफिजाबाद थाना शेरकोट जनपद बिजनौर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1.उ0नि0 गौरव कुमार थाना शेरकोट जनपद बिजनौर

2.का0 1731 गजेन्द्र सिह थाना शेरकोट जनपद बिजनौर

## जनपद बिजनौर

**प्रेस नोट – थाना मंडावर        दिनांक – 23.02.2024**

**थाना मंडावर पुलिस ने मु0अ0सं0 34/24 धारा 323/307/504 भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से संबंधित अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।**

**संक्षिप्त विवरण –**



दिनांक 01.02.2024 को वादी श्री नरेश पाल पुत्र रघुनाथ सिंह निवासी ग्राम शहजादपुर थाना मंडावर जनपद बिजनौर ने थाना मंडावर पर तहरीर दी की अभियुक्तगण 1.संजीव उर्फ लेखराज शर्मा 2.मोन्टू पुत्र संजीव उर्फ लेखराज 3.राहुल पुत्र संजीव उर्फ लेखराज निवासीगण ग्राम शहजादपुर थाना मंडावर जनपद बिजनौर ने वादी के पुत्र अभिलाष के साथ गाली गलौच करते हुए जान से जान से मारने की नियत से धारदार हथियार पाटल से वार किया एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। तहरीर के आधार पर थाना मंडावर पर मु0अ0सं0 34/24 धारा 323/307/504 भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट बनाम संजीव आदि उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

**कार्यवाही –**

जनपद मे अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 23.02.2024 को थाना मंडावर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 34/24 धारा 323/307/504 भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त मोन्टू पुत्र संजीव उर्फ लेखराज निवासी शहजादपुर थाना मंडावर जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्तगण संजीव शर्मा उर्फ लेखराज व राहुल को दिनांक 02.02.2024 को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

मोन्टू पुत्र संजीव उर्फ लेखराज निवासी शहजादपुर थाना मंडावर जनपद बिजनौर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1.उ0नि0 श्री विनोद कुमार थाना मंडावर जनपद बिजनौर

2.हे0कां0 363 लालू थाना मंडावर जनपद बिजनौर

**जनपद बिजनौर**

**प्रेस नोटः- थाना अफजलगढ		दिनाँक 23.02.2024**

## थाना अफजलगढ पुलिस ने मु0अ0सं0 50/2024 धारा 306/406/506 भादवि में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 18.02.2024 को वादिनी ने थाना अफजलगढ पर तहरीर दी कि अभियुक्तगण सतीश चौधरी उर्फ राडी पुत्र राजपाल व 2.कैलाश पुत्र रघुवीर सिंह निवासीगण ग्राम कादराबाद थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर द्वारा मोटा मुनाफा दिलाने के नाम पर पैसे हडप लिये गए तथा पैसे वापिस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई । जिसकारण वादिनी के पति द्वारा आत्महत्या कर ली गई । वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना अफजलगढ पर मु0अ0सं0 50/2024 धारा 306/406/506 भादवि पंजीकृत किया गया।



**कार्यवाही :-**

जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शराब के निर्माण/बिक्री/परिवहन में संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अफजलगढ पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त सतीश चौधरी उर्फ राडी पुत्र राजपाल निवासी ग्राम कादराबाद थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता :–**

सतीश चौधरी उर्फ राडी पुत्र राजपाल निवासी ग्राम कादराबाद थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सतीशः -**

1.मु0अ0स0 25/2009 धारा 147/148/149/307/341/427/504/506 भादवि थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर।
2.मु0अ0स0 405/2014 धारा 323/325/427/504/506 भादवि थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर।
3.मु0अ0स0 571/2016 धारा 307/323/504/506 भादवि थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर।
4.मु0अ0स0 203/2018 धारा 147/427/506 भादवि थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर।
5.मु0अ0स0 50/2024 धारा 306/506/406 भादवि थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-**

1.व0उ0नि0 श्री श्रीपाल सिंह थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर।
2.का0 117 सत्यवीर सिंह थाना  अफजलगढ जनपद बिजनौर।